Total No. of Printed Pages—8

**HS/XII/A/h/20**

**2020**

**HINDI ( ELECTIVE )**

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए : 1×10=10

(क) अज्ञेय की कविता में व्यक्ति की स्वतंत्रता का आग्रह है और बौद्धिकता का विस्तार भी।

(ख) विष्णु खरे को इंग्लैंड के राष्ट्रीय सम्मान 'नाइट ऑफ़ दि ऑर्डर ऑफ़ दि व्हाइट रोज़' से सम्मानित किया गया था।

(ग) 'दूसरा देवदास' कहानी युवा हृदय में पहली आकस्मिक मुलाकात की हलचल, कल्पना और रूमानियत का उदाहरण है।

(घ) फैज़ अहमद फैज़ के नेतृत्व में फ़िलिस्तीनी अस्थायी सरकार काम कर रही थी।

(ङ) पद्मावत में सिंहल देश की राजकुमारी नागमती और चित्तौड़ के राजा रत्नसेन के प्रेम की कथा है।

(च) राम के वनगमन से अन्य माताएँ और अयोध्या के सभी नगरवासी दुखी नहीं थे।

(छ) आचार्य शुक्ल हिंदी के उच्च कोटि के आलोचक, इतिहासकार और साहित्य-चिंतक हैं।

(ज) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया का पुरातत्त्व विभाग कौशाम्बी में श्री० के० एन० दीक्षित की देखरेख में खुदाई कर रहा था।

(झ) सूरदास की झोंपड़ी मुंशी प्रेमचन्द के उपन्यास 'रंगभूमि' का एक अंश है।

(ञ) लेखक की पर्यावरण संबंधी चिंता सिर्फ मालवा तक सीमित न होकर सार्वभौमिक हो गई है।

**2.** निम्नलिखित शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×10=10

(गोभिल ; अपमान ; आशिक ; पद्मावत ; सेतु ; संभव ; बछेंद्री पाल ; आज के अतीत ; निराशा ; पहचान)

(क) मलिक मुहम्मद जायसी की प्रसिद्ध रचना _____ है।

(ख) सत्य का कोई एक स्थिर रूप, आकार या _____ नहीं है जो उसे स्थायी बना सके।

(ग) बहुत से गृह्यसूत्रों में इन ढेलों की लाटरी का उल्लेख है—आश्वलायन, _____, भारद्वाज सभी में है।

(घ) यदि संग्रहकर्ता _____ भी हुआ तो भगवान ही उसकी रक्षा करें।

(ङ) 'गीत गाने दो मुझे' कविता दुख और _____ से लड़ने की शक्ति देती है।

(च) गांधी, नेहरू और यास्सेर अराफात भीष्म साहनी की आत्मकथा _____ का एक अंश है।

(छ) 'दूसरा देवदास' कहानी का नायक _____ है।

(ज) भिखारियों के लिए धन-संचय पाप-संचय से कम _____ की बात नहीं है।

(झ) बिसनाथ के लिए हर दुःख-सुख से जोड़ने की _____ है।

(ञ) पर्वतारोहण के क्षेत्र में _____ और संतोष यादव का नाम इतिहास में दर्ज हो चुका है।

**3.** सबसे सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×10=10

(क) ''यह मधु है—स्वयंकाल की मौना का युग-संचय।'' यह किस कविता की पंक्ति है?

*(i)* सत्य

*(ii)* देवसेना का गीत

*(iii)* गीत गाने दो मुझे

*(iv)* यह दीप अकेला

(ख) जगधर किस रचना का पात्र है?

*(i)* आरोहण

*(ii)* सूरदास की झोंपड़ी

*(iii)* नमक

*(iv)* बिस्कोहर की माटी

(ग) 'भरत-राम का प्रेम' नामक प्रसंग तुलसीदास के किस ग्रंथ से उद्धृत है?

*(i)* गीतावली

*(ii)* विनयपत्रिका

*(iii)* रामचरितमानस

*(iv)* कवितावली

(घ) ''व्यास! तुम्हारे म्युज़ियम की इमारत न बनेगी?'' यह कथन किसका है?

*(i)* ठाकुर गोपालशरण सिंह

*(ii)* कृष्णदास

*(iii)* डॉ॰ सतीशचंद्र काला

*(iv)* पंडित जवाहरलाल नेहरू

(ङ) ''मनोकामना की गाँठ भी अद्‌भुत, अनूठी है, इधर बाँधो उधर लग जाती है।'' यह कथन किस पाठ से उद्‌धृत है?

*(i)* दूसरा देवदास

*(ii)* कच्चा चिट्‌ठा

*(iii)* प्रेमघन की छाया-स्मृति

*(iv)* सुमिरिनी के मनके

(च) इनमें से कौन-सी कहानी पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी जी की नहीं है?

*(i)* सुखमय जीवन

*(ii)* गलता लोहा

*(iii)* बुद्धू का काँटा

*(iv)* उसने कहा था

(छ) भीष्म साहनी के भाई बलराज किस पत्रिका के सह-संपादक के रूप में काम कर रहे थे?

*(i)* दिनमान

*(ii)* विशाल भारत

*(iii)* प्रतीक

*(iv)* नयी तालीम

(ज) मलिक मुहम्मद जायसी भक्तिकाल की किस शाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि माने जाते हैं?

*(i)* ज्ञानाश्रयी शाखा

*(ii)* प्रेमाश्रयी शाखा

*(iii)* रामभक्ति शाखा

*(iv)* कृष्णभक्ति शाखा

(झ) 'देवसेना का गीत' नामक कविता जयशंकर प्रसाद के किस साहित्य विधा से लिया गया है?

*(i)* कहानी

*(ii)* उपन्यास

*(iii)* नाटक

*(iv)* निबंध

(ञ) ''फूल खिले, खिले फूल धान फूल, कोदो फूल कुटकी फूल खिले।'' प्रस्तुत उक्ति किस पाठ से उद्धृत है?

*(i)* सूरदास की झोंपड़ी

*(ii)* बिस्कोहर की माटी

*(iii)* आरोहण

*(iv)* अपना मालवा खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) कवि ने आशा को बावली क्यों कहा है?

(ख) जायसी की प्रमुख काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ग) उपाध्याय बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' के व्यक्तित्व की एक विशेषता लिखिए।

(घ) बोधिसत्व की आठ फुट लंबी मूर्ति की खासियत क्या थी?

(ङ) पत्थर के विभिन्न प्रकारों के नाम लिखिए।

(च) 'यह दीप अकेला' पाठ के आधार पर एक व्यक्ति की महत्ता एवं सार्थकता किसमें है?

(छ) भरत ने राम के स्वभाव की किन विशेषताओं की ओर संकेत किया है?

(ज) मालवा में विक्रमादित्य, भोज और मुंज आदि राजाओं ने पानी के ठहराव के लिए क्या प्रबंध किया था?

(झ) पुजारी ने लड़की के 'हम' को युगल अर्थ में लेकर क्या आशीर्वाद दिया था?

(ञ) लेखक ने सेवाग्राम में किन-किन लोगों के आने का ज़िक्र किया है?

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) उत्प्रेक्षा अलंकार को परिभाषित कीजिए।

(ख) व्यंजना शब्दशक्ति की परिभाषा लिखिए।

(ग) यमक अलंकार का एक उदाहरण दीजिए।

(घ) विभाव का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ङ) निम्नलिखित रसों का स्थायी भाव लिखिए :

*(i)* करुण रस

*(ii)* भयानक रस

**6.** निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 7×2=14

(क) श्रमित स्वप्न की मधुमाया में,
गहन-विपिन की तरु-छाया में,
पथिक उनींदी श्रुति में किसने—
यह विहाग की तान उठाई।

**अथवा**

यह वह विश्वास, नहीं जो अपनी लघुता में भी काँपा,
वह पीड़ा, जिसकी गहराई को स्वयं उसी ने नापा;
कुत्सा, अपमान, अवज्ञा के धुँधुआते कड़ुवे तम में
यह सदा-द्रवित, चिर-जागरूक, अनुरक्त-नेत्र,
उल्लंब-बाहु, यह चिर-अखंड अपनापा।
जिज्ञासु, प्रबुद्ध, सदा श्रद्धामय, इसको भक्ति को दे दो—

(ख) गिनती हम जानते हैं, अंक पहचानते हैं, सुइयों की चाल भी देख सकते हैं, फिर आँखें भी हैं तो हमें ही न देखने दो, पड़ोस की घड़ियों में दोपहर के बारह बजे हैं। आपकी घड़ी में आधी रात है, ज़रा खोलकर देख न लेने दीजिए कि कौन-सा पेंच बिगड़ रहा है, यदि पुर्ज़े ठीक हैं और आधी रात ही है तो हम फिर सो जाएँगे, दूसरी घड़ियों को गलत न मान लेंगे पर ज़रा देख तो लेने दीजिए।

**अथवा**

इस शेर के मार लेने से मेरा दिल दूना हो गया और नए सिरे से फिर मुँह में खून लग गया। शेर तो रोज मिलता नहीं पर चीतल, साँभर तो हर बार मिलते ही रहते हैं। शेर की केवल आशा मात्र रहती है। परंतु इसी आशा से शिकार अनुप्राणित रहता है और शिकारी जंगल-जंगल की खाक छानता फिरता है।

**7.** 'सत्य' कविता की मूल संवेदना लिखिए। 9

**अथवा**

'यह दीप अकेला' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

**8.** कहानी कला के तत्त्वों के आधार पर 'दूसरा देवदास' कहानी की समीक्षा कीजिए। 9

**अथवा**

लेखक का काश्मीर में नेहरू जी के साथ व्यतीत किए गए क्षणों का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

**9.** 'तो हम सौ लाख बार बनाएँगे' इस कथन के आधार पर सूरदास के चरित्र का विवेचन कीजिए। 8

**अथवा**

'आरोहण' पाठ के आधार पर पर्वतारोहण की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए।

**10.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *200* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) नशाखोरी—एक अभिशाप

(ख) कंप्यूटर : आज की आवश्यकता

(ग) विद्यार्थी और फैशन

(घ) प्लास्टिक : लाभ और हानि

(ङ) अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते कदम

★★★